# सियर शॉर्ट्स

*अगर आप अपने बच्चे के लिए कुछ स्टाइलिश शॉर्ट्स सिलना चाहते हैं तो यह ट्यूटोरियल आपके लिए है।*






## सामग्री की सूची

1 मीटर नरम सूती प्रिंटेड कपड़ा जिसकी चौड़ाई 45 इंच हो
सियर शॉर्ट्स का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
स्केल
1 इंच चौड़ी इलास्टिक
फैंसी बटन
मैचिंग धागा
पानी से मिटने वाला मार्कर
कैंची
और पिंस




इस ट्यूटोरियल में आप शॉर्ट्स के टेम्प्लेट से कपड़े को काटना सीखेंगे, क्रॉच को सिलेंगे, अंदर और साइड सीम को सिलेंगे, कमरबंद तैयार करेंगे, इलास्टिक डालेंगे और नीचे के हेम को सिलेंगे।








## चरण 1: टेम्पलेट का निशान लगाना और काटना

अपनी पसंद का कोई भी प्रिंटेड कपड़ा लें। कपड़े को दिखाए अनुसार मोड़ें ताकि कपड़े का नॉन-प्रिंटेड साइड आपके सामने हो। अब हम www.ushasew.com से डाउनलोड किए गए शॉर्ट्स के टेम्प्लेट को कपड़े के ऊपर रखेंगे। हम बैक के टेम्पलेट से शुरू करेंगे और इसे सही जगह रख के इसमे पिन लगा देंगे। फिर हम फ्रंट टेम्प्लेट को सही जगह रख के इसमे भी पिन लगा देंगे। ये करने के बाद, हम मार्किंग पेन से इन दोनों टेम्प्लेट के अनुसार कपड़े पर निशान लगा लेंगे। निशान लगाने के बाद, हम टेम्पलेट को हटा देंगे और लगाए गए निशान के अनुसार काट लेंगे। दोनों टुकड़ों को ध्यान से काट लें और उन्हें साइड में रख दें। आपके पास चार अलग-अलग टुकड़े होने चाहिए।

## चरण 2: क्रॉच को सिलना





टुकड़ों को एक साथ जोड़ने के लिए अब क्रॉच को सिलेंगे। कपड़े को अपने उषा जनोमे वंडर स्टिच सिलाई मशीन पर ले जाएं। और कपड़े को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करें। स्टिच सलेक्टर डायल को A पर और टाँके की लंबाई को 2.5 पर सेट करें और सिलना शुरू करें। शुरुआती कुछ टाँके लगाने के बाद, टाँके को मजबूत करने के लिए रिवर्स स्टिच लगाएं। आखिर तक सिलते रहें। धागे को काट लें और इसी तरह बैक के टुकड़े पर क्रॉच सेक्शन को सिलें। शुरुआत और अंत में रिवर्स स्टिच लगाना याद रखें।

## चरण 3: दोनों हिस्सों को एक साथ जोड़ने के लिए साइड और अंदर के सीम को सिलना
















आपके सिले हुए टुकड़े ऐसे दिखने चाहिए। अब फ्रंट पीस को बैक पीस पर रखेंगे, कपड़े के सीधे हिस्से आमने सामने होने चाहिए और साइड और अंदर के सीम को सिल लें। दिखाए अनुसार अंदर के सीम को पिन लगा दें। ये करने के बाद, अंदर के सीम को सिलना शुरू करें, सिलने के साथ-साथ पिन को निकालते रहें। ये करने के बाद, धागा काट लें और साइड सीम को सिलना शुरू करें। आखिर तक सिलें। इसके बाद दूसरी तरफ सिलें। इसके बाद, किनारों को खुलने से रोकने के लिए और सीम को एक अच्छा फिनिश देने के लिए ज़िग ज़ैग टाँके लगाएं। पैटर्न सेलेक्टर डायल को C पर और टाँके की लंबाई को 1.5 पर सेट करें, और साइड सीम और अंदर के सीम के साथ सिलें। यह एक बार-बार करने वाली प्रक्रिया की तरह लग सकता है लेकिन यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## चरण 4: कमर को तैयार करना और नीचे के हेम को फिनिश करना










शॉर्ट्स को अंदर की तरफ मोड़ें और कमर को ¼ इंच मोड़ के उस पर इस्त्री कर दें। इसे फिर से 1-¼ इंच मोड़ के उस पर इस्त्री कर दें। यह तह को अपनी जगह रखेगा और सिलने में आसानी होगी। ऐसा पूरी कमर के लिए करें। बॉटम के हेम पर भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। एक चौथाई इंच मोड़ के उस पर इस्त्री कर दें। इसे फिर से 1-¼ इंच मोड़ के उस पर इस्त्री कर दें। ऐसा दोनों पैरों के लिए करें।

इसके बाद कपड़े को मशीन पर ले जाएं और स्ट्रेट स्टिच के लिए पैटर्न सेलेक्टर डायल को A पर और लंबाई को 2.5 पर रीसेट पर करें।





कमर के तह पर से सिलना शुरू करें। साइड सीम के दोनों ओर दो इंच का गैप रखें।

अब बॉटम के हेम पर जाएं और तह पर सिलें। बहुत अच्छे, जैसा कि आप देख सकते हैं कि शॉर्ट्स लगभग तैयार है!



## चरण 5: इलास्टिक लगाना और कमर को फिनिश करना

अब एक इलास्टिक बैंड लें और 4 से 9 वर्ष आयु वर्ग के लिए 10 इंच नापें और 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लिए 12 इंच नापें, और काट लें। एक सेफ्टी पिन लें और इसे इलास्टिक के एक किनारे पर लगा लें।











इलास्टिक को पीछे की तरफ से डाला जाएगा, यह हमारा पीछे का साइड है। इलास्टिक को 2 इंच के गैप मे डालें और पूरी कमर मे से पास करे, ऐसा करते समय सुनिश्चित करें कि अनपिन किए गए साइड का आखिरी हिस्सा साइड सीम के ऊपर हो, जैसा दिखाया गया है। इसे इसकी जगह पर सिल के लॉक कर दें। याद रखें कि शुरुआत और अंत में रिवर्स स्टिच जरूर लगाएं। धागे को काटें और कमर के अंदर इलास्टिक को एडजस्ट करें और इसे दूसरी तरफ के 2-इंच गैप से बाहर निकालें। सेफ्टी पिन को निकाल लें और कमर के अंदर इलास्टिक को फिर से डालें और इसे इस तरह से एडजस्ट करें कि इलास्टिक का छोर साइड सीम के ऊपर आ जाए। अब पहले की तरह इस सिल लें। ऐसा करने के बाद, 2-इंच गैप पर सिलाई करके इसे बंद कर दें। इस प्रक्रिया को दूसरी तरफ भी दोहराएं।



## चरण 6: बटनों को लगाना

अंतिम चरण के लिए, अपनी पसंद अनुसार शॉर्ट्स को सुशोभित करें, हमने कुछ मैचिंग बटनों का उपयोग किया है। बटन लगाने के तरीके और अन्य सुशोभित सुझावों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए www.ushasew.com पर जाएं।

क्या यह प्यारा और स्टाइलिश नहीं लग रहा? आपके दोस्त और अन्य माता-पिता निश्चित रूप से आपके बच्चे के स्टाइल से प्रभावित होंगे। नीचे कमेंट सेक्शन मे हमें बताएं की आप इसके बारे मे क्या सोचते हैं।

